गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2021 सितम्बर 09, 2021

| | |
|---|---|
| 1. लिस्टिंग अनुपालन<br>नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड<br>एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,<br>प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,<br>बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)<br>मुंबई-400 051<br>**स्क्रिप कोड : गेल-ईक्यू** | 2. लिस्टिंग अनुपालन<br>बीएसई लिमिटेड<br>मंजिल 1, फिरोज़ जीजीभॉय टॉवर्स,<br>दलाल स्ट्रीट,<br>मुंबई-400001<br><br>**स्क्रिप कोड: 532155** |

**विषय :** **<u>दिनांक 09.09.2021 को आयोजित की गई कंपनी की 37वीं वार्षिक आम बैठक की कार्यवाही</u>**

प्रिय महोदय/महोदया,

अनुसूची III-पार्ट ए के पैरा ए के साथ पठित सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के विनियमन 30(2) की अपेक्षानुसार, कृपया **गुरुवार, दिनांक 09 सितम्बर, 2021 को पूर्वाहन 11:30 बजे** कंपनी के पंजीकृत कार्यालय 16, भीकाएजी कामा प्लेस, आर के पुरम, नई दिल्ली-110066 में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग मोड (वीसी)/अन्य ऑडियो विज़ुअल मोड (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की गई कंपनी की 37वीं वार्षिक आम सभा की कार्यवाही का सार संलग्न है ।

उपर्युक्त आपकी सूचना एवं रिकॉर्ड हेतु है ।

धन्यवाद,
भवदीय

(ए.के. झा)
कंपनी सचिव

**गेल (इंडिया) लिमिटेड**

**(भारत सरकार का उपक्रम)**

**पंजीकृत कार्यालय :** 16, भीकाएजी कामा प्लेस, आर.के. पुरम, नई दिल्ली -110066

**सीआईएन सं.:** L40200DL1984GOI018976 वेबसाइट :www.gailonline.com ईमेल-: shareholders@gail.co.in

**फोन:** 011-26172580, **फैक्स :** 011-26185941

**कंपनी की 37वीं वार्षिक आम बैठक की कार्यवाही**

**गेल (इंडिया) लिमिटेड** के सदस्यों की **37वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम)** का आयोजन **गुरूवार दिनांक 09 सितम्बर, 2021** को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग मोड (वीसी)/अन्य ऑडियो-विज़ुअल मोड (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक पूर्वाह्न 11:30 को प्रारंभ हुई तथा अपराह्न 01:18 बजे समाप्त हुई।

**कार्यवाही का सार:**

- श्री मनोज जैन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने बैठक की अध्यक्षता की।
- अध्यक्ष ने सूचित किया कि कारपोरेट कार्य मंत्रालय तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी किए गए परिपत्रों के अनुपालन में उक्त बैठक वीसी/ओएवीएम माध्यम से आयोजित की गई।
- इसके बाद अध्यक्ष ने कंपनी सचिव से अनुरोध किया कि वह रिमोट ई-वोटिंग की प्रक्रिया से अवगत कराएं । कंपनी सचिव ने सदस्यों को ई-वोटिंग की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।
- कंपनी ने एजीएम की कार्यवाही का लाइव **वेबकास्ट** भी उपलब्ध कराया ।
- अपेक्षित कोरम के उपस्थित होने पर अध्यक्ष ने बैठक को प्रारंभ करने के लिए कहा।
- अध्यक्ष ने निदेशक मंडल के अन्य सदस्यों, सांविधिक लेखापरीक्षक(कों) और सचिवीय लेखापरीक्षक(कों) की उपस्थिति के बारे में भी सूचित किया ।
- अध्यक्ष महोदय के संबोधन के उपरांत उपस्थित सभी सदस्यों की अनुमति से, बोर्ड की रिपोर्ट, लेखापरीक्षक की रिपोर्ट, लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण आदि को पठित माना गया ।
- कंपनी सचिव ने सदस्यों को सूचित किया कि सेबी (सूचिकरण बाध्यताएं एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के विनियम 44 तथा कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के अनुसरण में; कंपनी ने अपने सदस्यों को मतदान का अधिकार प्रयोग करने के लिए **रविवार, दिनांक 05 सितम्बर, 2021 (प्रात:09:00 बजे) (आईएसटी) से बुधवार , दिनांक 08 सितम्बर, 2021 (सायं 05:00 बजे) (आईएसटी) तक** इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान की । इसके अतिरिक्त, जो सदस्य एजीएम में उपस्थित थे और रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना

मतदान नहीं कर पाए थे उनको भी एजीएम के दौरान संकल्पों पर ई-वोटिंग की सुविधा एजीएम की समाप्ति के 15 मिनट बाद तक उपलब्ध कराई गई थी। श्री सचिन अग्रवाल, व्यावसायिक कंपनी सचिव को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से ई-मतदान प्रक्रिया की जांच करने के लिए जांचकर्ता के रूप में नियुक्त किया गया था।

- कंपनी सचिव ने शेयरधारकों के अनुमोदन हेतु मुद्दों से अवगत कराया और सीएमडी ने एजीएम नोटिस में सूचीबद्ध संकल्पों के उद्देश्य और निहितार्थ, यदि कोई है, के बारे में बताया। एजीएम के दौरान चर्चा किए गए व्यापारिक मुद्दे इस प्रकार थे:

| क्र.सं. | 37वीं एजीएम के दौरान संपादित व्यापारिक मदें | संकल्प का प्रकार |
|---|---|---|
| | **साधारण व्यापार** | |
| 1 | दिनांक 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष हेतु कंपनी की लेखापरीक्षित एकल एवं समेकित वित्तीय सूचियों और निदेशक मंडल एवं लेखपरीक्षकों की रिपोर्ट का स्वीकरण | साधारण संकल्प |
| 2 | फरवरी, 2021 और मार्च, 2021 में पहले से भुगतान किए गए क्रमश: पहले अंतरिम और दूसरे अंतरिम लाभांश के भुगतान की पुष्टि करना | साधारण संकल्प |
| 3 | श्री ई एस रंगनाथन, जो रोटेशन से सेवानिवृत्त होते हैं और पात्र होने के नाते खुद की पुन:नियुक्ति हेतु तैयार हैं की नियुक्ति | साधारण संकल्प |
| 4 | वित्त वर्ष 2021-22 हेतु सयुक्त सांविधिक लेखापरीक्षकों का पारिश्रमिक तय करने के लिए निदेशक मंडल को प्राधिकृत करना | साधारण संकल्प |
| | **विशेष व्यापार** | |
| 5 | निदेशक (व्यापार विकास) के रूप में श्री एम वी अय्यर की नियुक्ति हेतु अनुमोदन, जो रोटेशन द्वारा सेवानिवृत्त होंगे | साधारण संकल्प |
| 6 | वित्त वर्ष 2020-21 के लिए लागत लेखापरीक्षकों के पारिश्रमिक के अनुसमर्थन हेतु अनुमोदन | साधारण संकल्प |
| 7 | पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड के साथ मटेरियल संबंधित पार्टी लेनदेन के लिए अनुमोदन | साधारण संकल्प |

- सीएमडी ने शेयरधारकों को व्यापारिक मुद्दों पर चर्चा/प्रश्नोत्तरी हेतु आमंत्रित किया, जिन्हें उपयुक्त रूप से संबोधित किया गया। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि ई-वोटिंग के परिणाम अलग से स्टॉक एक्स्चेंज को सूचित किए जाएंगे और सांविधिक अपेक्षाओं के अनुसार उन्हें सेंट्रल डिपॉज़िटरी सर्विसेस (इंडिया) लिमिटेड और साथ ही कंपनी की वेबसाइट पर भी होस्ट किया जाएगा। परिणामों को कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी दर्शाया जाएगा।

- अध्यक्ष महोदय ने शेयरधारकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

पुष्टि की जाती है कि कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों; उसमें अधिसूचित नियमों, सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 और इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज़ ऑफ इंडिया द्वारा आम बैठकों पर जारी सचिवीय मानकों के अनुसार बैठक बुलाई, आयोजित और संचालित की गई।

(ए.के. झा)
कंपनी सचिव